संपादकीय

# मणिपुर की व्यथा-कथा

विपक्षी नेता अनेक गंभीर प्रश्न लेकर मणिपुर से लौटेंगे और संसद में सरकार के सामने रखेंगे। सरकार से अपेक्षा यह है कि वह इन प्रश्नों का माकूल जवाब दे, ताकि मणिपुर और बाकी देश में भी फिर से भरोसे का माहौल बन सके।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के प्रतिनिधिमंडल की मणिपुर यात्रा से यह बात फिर सामने आई है कि यह राज्य किस तरह एक गृह युद्ध जैसी हालत में जी रहा है। जहां दो समुदायों के बीच अविश्वास और द्रोह का भाव इतना गहरा जाए कि लोग एक दूसरे से बचने के लिए बंकर बनाने लगें, तो इससे अधिक चिंता और परेशानी की बात और क्या हो सकती है? इसके अलावा राहत शिविरों में रहने वाले लोगों की अपनी व्यथा है, जिनकी पूरी जिंदगी एक तरह से तबाही के कगार पर पहुंच गई है। बच्चों की शिक्षा और आम जन की रोजी-रोटी के साधन उनसे दूर हो गए हैं। मणिपुर की यह व्यथा-कथा इसके पहले तब सामने आई थी, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वहां का दौरा किया था। हाल में दो महिलाओं की नग्न परेड कराने का वीडियो सामने आने के बाद राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान भी इस राज्य में बदतर होती स्थिति की तरफ गया है। उनसे मैतेई और कुकी समुदाय के राहत शिविरों में सुविधाओं के भारी अंतर की कहानियां भी अब लगातार सामने आ रही हैं।

उनकी रिपोर्टों से भी यही सामने आता है कि मणिपुर ऐसे संकट में है, जैसा इसके पहले भारत में शायद ही कहीं हुआ होगा। अगर वहां गए विपक्षी नेताओं ने यह आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार की लापरवाही और राज्य सरकार की मिलीभगत से स्थिति इस हद तक पहुंची है, तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। बल्कि जनमत का एक बड़ा हिस्सा इस आरोप को गंभीरता से लेगा। यह आम समझ है कि किसी भी स्थान पर दंगे या सामुदायिक टकराव हो सकते हैं, लेकिन ये महीनों तक खिंचते नहीं रह सकते- अगर सचमुच प्रशासन निष्पक्षता और कुशलता से उसे रोकने के प्रयास में जुटा हुआ हो। जाहिर है, विपक्षी नेता अनेक गंभीर प्रश्न लेकर मणिपुर से लौटेंगे और लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान सरकार के सामने रखेंगे। सरकार से अपेक्षा यह है कि वह विपक्षी राज्यों को निशाना बनाने की रणनीति के बजाय इन प्रश्नों का माकूल जवाब दे, ताकि मणिपुर और बाकी देश में भी फिर से भरोसे का माहौल बन सके।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए विंडीज टीम में शाई होप, ओशेन थॉमस की वापसी



**पोर्ट ऑफ स्पेन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज और वनडे टीम के कप्तान शाई होप को क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के सीनियर पुरुष चयन पैनल ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए अंतिम टीम की घोषणा में वापस बुला लिया है। यह सीरीज गुरुवार (3 अगस्त) से शुरू हो रही है।

पांच मैचों की सीरीज के आखिरी दो मैच 12 और 13 अगस्त को ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल, फ्लोरिडा में खेले जाएंगे।

अंतिम टीम के सभी 15 सदस्य सभी मैचों के लिए यात्रा करेंगे, पहला मैच त्रिनिदाद में ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में खेला जाएगा। फिर प्रत्येक मैच के लिए 13 सदस्यीय टीम होगी जिसमें से अंतिम एकादश का चयन किया जाएगा।

शाई होप के अलावा तेज गेंदबाज ओशाने थॉमस की भी इस प्रारूप में वापसी हुई है। थॉमस ने इस प्रारूप में अपना आखिरी मैच दिसंबर 2021 में पाकिस्तान में खेला था जबकि होप ने अपना आखिरी मैच फरवरी 2022 में भारत में खेला था।

वेस्टइंडीज सीनियर चयन पैनल के मुख्य चयनकर्ता डॉ डेसमंड हेन्स ने कहा, टीम का चयन अगले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप को ध्यान में रखकर किया गया है। हम विभिन्न योजनाओं पर विचार कर रहे हैं और सही संयोजन ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। जैसे हम तैयारी करते हैं; हम एक ऐसी इकाई बनाने पर विचार कर रहे हैं जिसके बारे में हमारा मानना है कि यह तब काम कर सकती है जब हम एक वर्ष से कम समय में वैश्विक कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। हमारे लाइन-अप में कुछ मैच विजेता खिलाड़ी हैं और हम गुरुवार से यहां त्रिनिदाद में शुरुआत करते हुए सही तरह की तैयारी करने की कोशिश करेंगे।

हमारे पास अन्य खिलाड़ी भी हैं जिन पर भविष्य में विचार किया जा सकता है, अगले महीने कैरेबियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ अन्य खिलाड़ी भी विचार में आएंगे।

टीम की कप्तानी रोवमैन पॉवेल करेंगे और सलामी बल्लेबाज काइल मेयर्स उप-कप्तान होंगे। टीम में जेसन होल्डर और निकोलस पूरन जैसे वरिष्ठ सफेद गेंद विशेषज्ञ शामिल हैं।

हेन्स ने कहा, ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी गुरुवार को उद्घाटन मैच की मेजबानी करेगी। इसके बाद टीमें 6 अगस्त और 8 अगस्त को दूसरे और तीसरे मुकाबलों के लिए गयाना नेशनल स्टेडियम में खेलेंगी।

श्रृंखला 12 अगस्त और 13 अगस्त को फाइनल मैचों के लिए ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम, लॉडरहिल, फ्लोरिडा में एक ब्लॉकबस्टर सप्ताहांत के साथ चरम पर होगी। सभी मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे (लगभग रात 8 बजे भारतीय समयानुसार) शुरू होंगे।

# 12 साल बाद डब्लूएफआई को मिलेगा नया अध्यक्ष, बृजभूषण गुट के खिलाफ इस दिग्गज खिलाड़ी ने भरा नामांकन



**नई दिल्ली।** रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया को 12 साल बाद नया अध्यक्ष मिलने जा रहा है। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीडऩ के मामले में गवाही देने वाली रेसलर अनीता श्योराण अब चुनावी दंगल में भी कूद गई है।

12 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए अनीता ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। ऐसे में अगर अनीता चुनाव जीत जाती हैं तो वो भारतीय कुश्ती की अगुआई करने वाली पहली महिला होंगी। अनीता ने 2010 में दिल्ली में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर भारत का परचम लहराया था। बता दें कि यौन उत्पीडऩ के आरोपों से जूझ रहे बृजभूषण सिंह का कार्यकाल समाप्त हो गया है और अब 12 अगस्त को चुनाव होने जा रहे हैं।

वहीं, बृजभूषण सिंह ने अपने करीबी संजय सिंह और जय प्रकाश को भी चुनावी मैदान में उतारा है। ऐसे में कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योरेण को बृजभूषण सिंह के गुट के खिलाफ लडऩा होगा। इस वाटरशेड डब्ल्यूएफआई चुनाव के लिए, 50 सदस्यीय मतदाताओं और उम्मीदवारों की सूची में अनीता अकेली महिला हैं। 38 वर्षीय खिलाड़ी का मुकाबला बृज भूषण के पैनल के दो खिलाडिय़ों से होने की संभावना है।

# जियो ने लॉन्च किया फोन से सस्ता लैपटॉप जीओ बुक 2, जानिए खूबियां और कीमत

**नई दिल्ली।** अगर आप भी किसी सस्ते लैपटॉप की तलाश में हैं तो आपके लिए रिलायंस जियो ने जीओबुक लॉन्च कर दिया है। रिलायंस जियो के इस लेटेस्ट लैपटॉप को ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म अमेजन से खरीदा जा सकता है।

जीओबुक 2023 लैपटॉप की खासियत

ऑलवेज-ऑन इंटरनेट 4जी एलटीई और डुअल-बैंड वाईफाई

अल्ट्रा लाइट और कॉम्पैक्ट: 990 ग्राम

रैम: 4जीबी एलपीडीडीआर4

ऑपरेटिंग सिस्टम : जीओओएस

मल्टी-टास्किंग और मल्टी विंडो सपोर्ट

सपोर्ट वायरलेस स्कैनिंग और प्रिंटिंग

लेटेस्ट जीओ बुक में कनेक्टिविटी के लिए कई सारे ऑप्शन दिए गए हैं। इनमें 4जी एलटीई,आदि सपोर्ट दिया गया है। रिलायंस के लेटेस्ट जीओबुक को कंपनी 16,499 रुपये की शुरुआती कीमत में लॉन्च किया है। इस लैपटॉप को रिलायंस डिजिटल स्टोर और अमेजन इंडिया से ऑनलाइन खरीदा जा सकता है।

# दो साल में जीएसटी चोरी के मामले 23.5प्रतिशत बढ़े, मूल्य के संदर्भ में 166प्रतिशत की वृद्धि




**नई दिल्ली।** 2020-21 और 2022-23 के बीच जीएसटी का पता लगाने के मामलों में 23.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि जीएसटी चोरी का पता लगाने के मामले में समान अवधि में 166 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है।

वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में जीएसटी चोरी के 12,596 मामले पकड़े गए, जबकि 2022-23 में मामले 23.5 प्रतिशत बढक़र 15,562 हो गए।

साथ ही, 2020-21 में 49,384 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता चला, जो 2022-23 में 166 प्रतिशत बढक़र 1,31,613 करोड़ रुपये हो गई।

जीएसटी चोरी की वसूली के मामले में 2020-21 में पकड़े गए कुल 12,596 मामलों में से 12,235 करोड़ रुपये की वसूली की गई। जबकि 2022-23 में जीएसटी चोरी के 15,562 मामलों में से 33,226 करोड़ रुपये की वसूली की गई, आंकड़ों में कहा गया है कि दो वर्षों में 171 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जीएसटी चोरी के मामलों का पता लगाने के लिए सरकार ने तकनीकी प्रगति की मदद लेना शुरू कर दिया है।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि यह अब जोखिम भरे करदाताओं की पहचान करने और उन पर नजऱ रखने और कर चोरी का पता लगाने के लिए मजबूत डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर रहा है।

सरकार ने 16 मई से 15 जुलाई तक फर्जी या फर्जी पंजीकरणों को खत्म करने के लिए एक विशेष अखिल भारतीय अभियान भी चलाया। इसने डेटा के आधार पर जोखिम भरे प्रतीत होने वाले पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमेट्रिक-आधारित आधार प्रमाणीकरण प्रदान करने के लिए केंद्रीय जीएसटी नियमों में भी संशोधन किया।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं करेगा आरबीआई, सर्वसम्मति से होगा फैसला




**चेन्नई।** खाद्य मुद्रास्फीति, भू-राजनीतिक और जलवायु जोखिम के बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ब्याज दर को मौजूदा 6.5 प्रतिशत से नहीं बदलेगी। अर्थशास्त्रियों ने ये बात कही है। उन्होंने ये भी कहा कि बेंचमार्क रेपो रेट वित्त वर्ष 2024 की आखिरी तिमाही तक स्थिर रहेगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, यह निर्णय सर्वसम्मति से होगा। इस महीने महंगाई दर 5.5 फीसदी से 6 फीसदी तक जा सकती है। जून में भी खाद्य तेल की कीमतों के चलते मुद्रास्फीति कम होकर 4.8 फीसदी पर थी। वैश्विक बाजारों में अब खाद्य तेल की कीमतें बढऩे लगी हैं। जीडीपी वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत पर स्थिर रहने से यह चिंता का विषय नहीं होगा। इसलिए, यथास्थिति कायम रहेगी।

एक्यूइट रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रमुख सुमन चौधरी ने बताया, एमपीसी की अगस्त की बैठक अप्रैल 2023 के बाद से लगातार तीसरी बैठक होगी जब ब्याज दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रहेगी। तेल और खाद्य कीमतों में बढ़ोत्तरी के जोखिम के साथ-साथ लचीली घरेलू मांग और मुख्य मुद्रास्फीति का स्तर चालू कैलेंडर वर्ष में मौद्रिक नीति में कोई बदलाव की अनुमति नहीं देता। हमारा अनुमान है कि भारत में बेंचमार्क रेपो दरें चौथी तिमाही तक मौजूदा स्तर पर बनी रहेंगी। चौधरी को उम्मीद है कि एमपीसी का निर्णय सर्वसम्मत होगा, हालांकि उन्होंने कहा कि इस बात पर बहस होगी कि आरबीआई क्या पोजिशन लेता है। हालांकि इस मामले पर एमपीसी सदस्यों के बीच मतभेद होंगे, लेकिन हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति परिदृश्य पर बढ़ती अनिश्चितता के बावजूद मौद्रिक नीति रुख अपरिवर्तित रहेगा। केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने आईएएनएस को बताया कि आरबीआई वेट एंड वॉच पॉलिसी अपनाएगा और रेपो दर में बदलाव नहीं करेगा।

# जसप्रीत बुमराह की टीम इंडिया में वापसी, बने कप्तान, ऋतुराज गायकवाड़ बने उप कप्तान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। इस टीम की कप्तानी जसप्रीत बुमराह को सौंपी गई है। बुमराह लगभग 10 महीने बाद टीम इंडिया में वापसी कर रहे हैं और आते ही उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है। इस भारतीय तेज गेंदबाज ने अपना आखिरी मैच भारत के लिए सितंबर 2022 में खेला था। लगातार पीठ की चोट से परेशान चल रहे बुमराह अब सर्जरी के बाद वापसी कर रहे हैं। आयरलैंड के खिलाफ इस सीरीज से उनके एशिया कप और वर्ल्ड कप का फ्यूचर तय होगा। बुमराह के अलावा ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है जो एशियन गेम्स में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले हैं। वहीं तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, शिवम दुबे,शाहबाज अहमद जैसे युवा खिलाडिय़ों को भी इस टीम में मौका मिला है। जसप्रीत बुमराह के साथ तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी चोट के चलते पिछले कुछ समय से बाहर चल रहे थे, वह भी आयरलैंड के खिलाफ ही टीम में वापसी करेंगे। बुमराह और कृष्णा ने पिछले कुछ समय में हृष्ट्र में खूब पसीना बहाया है। 15 खिलाडिय़ों के इस भारतीय स्क्वॉड में जसप्रीत बुमराह समेत 5 तेज गेंदबाज हैं, वहीं इस टीम में वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद और रवि बिश्नोई के रूप में तीन स्पिनर्स को जगह मिली है।

भारत के आयरलैंड दौरे का आगाज 18 अगस्त से होगा। सीरीज के सभी तीन मुकाबले मालाहाइड, डबलिन में खेले जाएंगे और यह मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे। भारत बनाम आयरलैंड दूसरा और तीसरा टी20 क्रमश: 20 और 23 अगस्त को खेले जाएंगे। आयरलैंड टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम- टीम – जसप्रीत बुमराह (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान

# क्या काम से आपका भी भटक जाता है ध्यान... ये 5 टिप्स आएंगे आपके बहुत काम



इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी काफी प्रभावित होता है. 9 टू 6 ऑफिस, खराब खानपान, खराब दिनचर्या के चलते हमारा फोकस डांवाडोल होता जा रहा है.इसके अलावा और भी कई कारण जिम्मेदार हैं. काम कुछ और होता है और हमारा ध्यान कहीं और रहता है. पढ़ाई करने वालों से लेकर कामकाजी लोग तक सब डिस्ट्रेक्शन के शिकार होते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है. आप भी काम करते वक्त डिस्ट्रेक्ट हो जाते हैं. तो आप इन टिप्स की मदद से इससे डील कर सकते हैं...

## डिस्ट्रेक्शन से डील करने के टिप्स

1.डिस्ट्रेक्शन से डील करने के लिए किसी भी काम को करने से पहले 1 दिन पहले ही सारी योजनाएं तैयार कर लें, ताकि आप को ये सोचते हुए पूरा दिन ना चला जाए कि काम को कैसे करना है.

2.मोबाइल फोन और सोशल मीडिया से दूरी बनाना भी जरूरी है.कई बार सोशल मीडिया स्क्रॉल करने से आपका ध्यान भटक जाता और आपका फोकस काम पे नहीं रह पाता.ईमेल चेक करने, फोन कॉल करने या सोशल मीडिया फीड पढऩे से पहले अपने कामों का खत्म करने का लक्ष्य बनाएं ऐसा करने से आप बिना डिस्ट्रेक्शन किसी भी काम को समय पर पूरा कर पाएंगे.

3.आप मेडिटेशन का भी सहारा ले सकते हैं.मेडिटेशन आपके दिमाग को शांति देता है. दिमाग में आने वाले ख्यालों को छोड़ आपको एक चीज पर फोकस करने की अनुमति देता है. ये चिंता, तनाव, डिप्रेशन जैसी किसी भी मानसिक गड़बड़ी को दूर करता है.

4.7 से 8 घंटे की क्वालिटी नींद लेना शुरु कर दें. अगर आप कम नींद लेते हैं तो इससे भी आपको ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है. नींद से शरीर को एनर्जी मिलती है. यह एक तरह की हीलिंग प्रोसेस है. इससे मेमोरी बूस्ट होता है.इसकी कमी के कारण काम की स्पीड कम होती है. काम में मन कम लगता है. हर वक्त आपको आलस महसूस होता है.

5.मल्टी टास्किंग होने से बचें. एक बार में एक काम करने से आपको जरूरी काम पर फोकस करने में मदद मिलती है और आपके काम की प्रोडक्टिविटी भी अच्छी होती है. ऐसा करने से आप अपने लक्ष्य को आराम से प्राप्त कर सकते हैं.अगर आप बार बार एक काम से दूसरे काम पर स्विच करते हैं तो इससे आप कोई भी काम ठीक तरह से नहीं कर पाएंगे.

6.काम के बीच में ब्रेक लेने से भी आप डिस्ट्रेक्शन से डील कर सकते हैं. अगर आप लगातार काम करते रहेंगे तो ऐसे आपको अधिक थकान महसूस होगी, जिस वजह से आप लंबे वक्त तक अपने काम पर फोकस नहीं रख पाएंगे. बिना ब्रेक लिए काम करने से फोकस कम हो जाता है. ऐसे में कोशिश करें कि नियमित रूप से ब्रेक लेते रहें.

# ड्रीम गर्ल 2 से अनन्या पांडे की पहली झलक आई सामने, फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही हैं। फिल्म के कई टीजर के अलावा फिल्म से आयुष्मान खुराना का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। जिसके बाद से लोग फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं। 25 अगस्त, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से अनन्या पांडे का भी फर्स्ट लुक सामने आया है। फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है जिसमें आयुष्मान खुराना के साथ अनन्या पांडे भी नजर आ रही हैं। आयुष्मान खुराना ने अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर शेयर करते हुए ट्रेलर के रिलीज की डेट बताई है।

आयुष्मान खुराना ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का नया पोस्टर शेयर किया है। फिल्म के इस नए पोस्टर में आयुष्मान खुराना के साथ अनन्या पांडे भी नजर आ रही हैं। इस तरह से फिल्म ड्रीम गर्ल 2 से अनन्या पांडे का फर्स्ट लुक सामने आ गया है।

# शब्द सामर्थ्य- 143

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | ■ | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| ■ | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| 15 | 16 | | ■ | ■ | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | | ■ | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | ■ | 25 | |
| 26 | | | ■ | 27 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 142 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

# सू-दोकू- 143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.142 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज आप अपने जीवनसाथी के लिए कुछ स्पेशल कर सकते हैं, जिससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। आज बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है।

***वृष-*** आज आप अपने कार्यक्षेत्र में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आपके परिश्रम से कारोबार में काफी बढ़ोतरी होगी।

***मिथुन-*** आज आपकी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से होगी, जिससे आपको बहुत खुशी होगी। आज आपका बिजनेस बेहतर ढंग से आगे बढ़ेगा। आपके कामों में आ रही रुकावट आज खत्म होगी।

***कर्क-*** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को और मेहनत की जरूरत है। आज आप जीवनसाथी को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के लिए आज आप किसी डॉक्टर को दिखा सकते हैं।

***सिंह-*** राजनीति के क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज आपका व्यापार और आगे बढ़ेगा, जिससे आपको अच्छा मुनाफा होगा। सरकारी विभाग के लोगों को पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। आज आपका स्वास्थ्य तरोताजा रहने वाला है।

***कन्या-*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को आज किसी प्रतोयोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से आज आपको छुटकारा मिलेगा। परिवार के साथ आज धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

***तुला-*** आज का दिन शानदार रहने वाला है आपके दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेंगी। आज आप अपने कारोबार को बढ़ाने का नया प्लान बनाएंगे, प्लान सफल भी रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट एंड फाइन रहेगा।

***वृश्चिक-*** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी को दिया हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। कठिन कार्यों को पूरा करने में आज आप सफल होंगे, लोग आपकी तारीफ करेंगे।

***धनु-*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी दोस्त की मदद से जॉब मिल पाएगी। राजनीति से जुड़े लोग आज उच्च अधिकारीयों से मिलने का मौका पाएंगे। आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके क्लासमेट आपसे किसी टॉपिक पर सहायता लेंगे। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज बाहर घूमने जाने का अच्छा अवसर है।

***कुंभ-*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में हो रही नोक झोंक से आज छुटकारा मिलेगा, रिश्ते में और मधुरता आएगी। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर फोकस करने की जरूरत है।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप किसी जरूरी कार्य में व्यस्त रहेंगे। सोशल वर्कर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।